वार्षिक परीक्षा

कक्षा – ग्यारहवीं

विषय– अर्थशास्त्र

समय– 3 घंटे

पूर्णांक – 80

नोट–सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। निर्धारित अंकों को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे जाएँ।

1) कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

2) प्र.क्र. 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 1 अंक हैं, एक वाक्य में उत्तर दीजिए

3) प्र.क्र. 9 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 3 अंक हैं।

4) प्र.क्र. 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 4 अंक हैं।

5) प्र.क्र. 19 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न में प्रत्येक में 6 अंक हैं।

प्रश्न 1. औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में हुई ?

प्रश्न 2. भारत में विकास योजनायें कब से प्रारंभ हुई ?

प्रश्न 3. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना कब प्रारंभ की गयी ?

प्रश्न 4. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना कब की गयी ?

प्रश्न 5. विष्णु गुप्त का दूसरा नाम क्या था ?

प्रश्न 6. भारत में जनगणना कितने वर्षों बाद की जाती है ?

प्रश्न 7. एक से अधिक गुणों को दर्शाने वाली सारणी को क्या कहते हैं ?

प्रश्न 8. सांख्यिकी के जनक के रुप में कौन जाने जाते हैं ? नाम बताइये।

प्रश्न 9. द्वितीयक आंकड़ों को प्रयोग करने के पूर्व कोई तीन आवश्यक सावधानियाँ बताइए।

प्रश्न 10. बिन्दुरेखीय प्रदर्शन के कोई 3 कार्य बताइए।

प्रश्न 11. पर्यावरण संकट क्या है ? इसके 2 प्रमुख कारण बताइए।

प्रश्न 12. भारत में ऊर्जा संकट से निपटने के लिये किये गये किन्हीं 3 सुधारों पर चर्चा कीजिए। https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 13. देश के विभाजन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा ? किन्हीं 4 बिन्दुओं पर चर्चा कीजिए।

प्रश्न 14. भारतीय कृषि की किन्हीं 4 प्रमुख समस्याओं पर चर्चा कीजिए।

प्रश्न 15. रिजर्व बैंक व्यवसायिक बैंकों पर किस प्रकार नियंत्रण रखना है, भारतीय रिजर्व बैंक के दो प्रमुख कार्य बताइए।

प्रश्न 16. एक अच्छी प्रश्नावली के 4 गुणों को समझाइए।

प्रश्न 17. निदर्शन अनुसंधान से आशय स्पष्ट करते हुए इसके किन्हीं 3 गुणों को समझाइए

प्रश्न 18. निम्न आंकड़ों का आवृत्ति आयत चित्र द्वारा दिखाइये –

मजदूरी	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70
व्यक्तियों की संख्या	5	10	15	25	35	15	5

प्रश्न 19. निम्नलिखित आंकड़ों को लघुरीति द्वारा समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए-

प्राप्तांक	10	20	30	40	50	60
छात्रों की संख्या	8	10	12	20	6	4

अथवा

निम्न सारणी की माध्यिका ज्ञात कीजिए -

प्राप्तांक	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60
छात्रों की संख्या	4	9	6	13	27	21

प्रश्न 20. निम्नलिखित आंकड़ों से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक ज्ञात कीजिए -

प्राप्तांक	2	4	7	9	16	18	24
आवृत्ति	7	9	25	21	18	11	8

अथवा

आदर्श माध्य के आवश्यक गुणों को समझाइए ।

प्रश्न 21. निम्नलिखित आंकड़ों से कार्ल पिर्यसन का सह संबंध गुणांक ज्ञात कीजिए-

x	12	9	8	10	11	13	7
y	14	8	6	9	11	12	3

अथवा

एक प्रशिक्षण कोर्स को पूरा करने के पहले एवं बाद में 10 छात्रों को दिये गये कुल (*Rank*) निम्नानुसार है । स्पियरमेन की कोटि अंतर रीति द्वारा सह संबंध गुणांक ज्ञात कीजिए । https://www.cgboardonline.com

विद्यार्थी	*A*	*B*	*C*	*D*	*E*	*F*	*G*	*H*	*I*	*J*
प्रशिक्षण के पहले क्रम	1	6	3	9	5	2	7	10	8	4
प्रशिक्षण के बाद क्रम	6	8	3	7	2	1	5	9	4	10

प्रश्न 22. आर्थिक नियोजन का आशय स्पष्ट करते हुये आर्थिक नियोजन की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

अथवा

भारतीय कृषि की कोई 6 समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

प्रश्न 23. उदारीकरण की आवश्यकता क्यों हुई ? कोई 6 कारण स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

जैविक खेती किसे कहते हैं ? जैविक खेती के तीन लाभ बताइए ।

प्रश्न 24. मानव पूंजी निर्माण से आशय स्पष्ट करते हुए मानव पूंजी निर्माण के कोई तीन श्रोत या आवश्यक तत्व को समझाइए ।

अथवा

भारत में बेरोजगारी के कोई 6 प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिये ।